## शादी से लौटते वक्त बाइक स्लिप

# युवक आरी तार की चपेट में आया, गला कटा, मौत

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 22 अप्रैल।** मंगलवार को बाइक स्लिप होने से 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। भांडेर थाना क्षेत्र के सोफ्ता गांव के पास शादी समारोह से लौटते समय यह हादसा हुआ, जहां गिरने के दौरान सड़क किनारे खेत पर लगे आरी तार से युवक का गला कट गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कुतौली गांव निवासी कुलदीप यादव 18 पुत्र गोटीराम यादव के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कुलदीप किसी शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से वह अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान सोफ्ता गांव के पास अचानक उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया।

हादसे के दौरान सड़क किनारे एक खेत पर आरी तार लगा हुआ था। बाइक से गिरते समय कुलदीप उसी आरी तार की चपेट में आ गया। इससे उसका गला बुरी तरह कट गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही भांडेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भांडेर अस्पताल भेज कर शव का पीएम कराया और उसे परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

## जिला चिकित्सालय में हंगामा

**दतिया, 22 अप्रैल।** जिला चिकित्सालय में नकाबपोश बदमाशों का हंगामा, मरीज के अटेंडर से मारपीट जिला अस्पताल में 15 से 20 नकाबपोश बदमाशों ने घुसकर जमकर हंगामा किया और मरीज के अटेंडर के साथ बेरहमी से मारपीट की। घटना का ब्ब्न्ट फुटेज भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि उपराय गांव में हुए हमले के मामले में घायल वृद्ध का इलाज चल रहा था, तभी दूसरे पक्ष के लोग अस्पताल पहुंचकर हमला कर फरार हो गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने ब्ब्न्ट और घायलों के बयान के आधार पर जांच शुरू की।



# किसान हितैषी है मोहन सरकार : पिरोनिया

**नवभारत न्यूज**
**उनाव, 22 अप्रैल।** मंडल क्षेत्र के उन्नाव चना उपार्जन केंद्र का प्रदेश प्रवक्ता पिरौनिया ने किसानों को शरबत पिलाकर किया शुभारंभ केंद्र के संचालक पुरुषोत्तम शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया किसानों को संबोधित करते हुए श्री पुरौनिया ने कहा की मोहन सरकार में किसी भी किसान को असुविधा नहीं हो सकती बल्कि हर प्रकार की सुविधा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है हमारी सरकार ने किसानी के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन करने का काम किया है चाहे रवि की फसल हो या खरीफ की दोनों फसलों पर भावांतर एवं समर्थन मूल्य पर खरीदने का संकल्प साकार करने का काम कर रही है।

मंडल अध्यक्ष पं. दिनेश धरावा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव किसानी को लाभ का धंधा बनाने के निमित्त कृषि के क्षेत्र में लगातार नवाचार करके खेती को लाभ का धंधा बनाने के अपने संकल्प को लगातार आगे बढ़ाने का काम कर रहे है इस अवसर पर किसान नेता सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए : जिलाधीश

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 22 अप्रैल।** कलेक्टर श्री स्वपिन्ल वानखड़े ने बुधवार को जिले में चल रहे समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन को और सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से मां शांति वेयर हाउस स्थित गेंहू खरीदी केन्द्र परासरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र पर उपस्थित किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया तथा समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चत किया।

**किसानों की सुविधा एवं खरीदी प्रक्रिया पर दिए सख्त निर्देश**



खरीदी केन्द्र पर कलेक्टर श्री वानखड़े ने किसानों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा खरीदी केन्द्र पर स्वच्छता, छाया एवं सुविधाजनक व्यवस्था बनी रहे। इसके पश्चात कलेक्टर ने खरीदी प्रक्रिया का गहन परीक्षण किया। उन्होंने स्वयं उपस्थित गेहूं के नमूनों की गुणवत्ता जांच की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप ही गेहूं की खरीदी की जाए। किसी भी प्रकार के निम्न गुणवत्ता वाले अनाज को अस्वीकार करने के सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने पारदर्शिता बनाए रखने पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र किसान वंचित न रहे।

# किसानों से समस्याओं के बारे में ली जानकारी



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 22 अप्रैल।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भारसाधक अधिकारी दतिया लोकेन्द्र सिंह सरल द्वारा बुधवार को दतिया कृषि उपज मंडी समिति का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मंडी कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें किसान हित में कार्य करने और किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सरल नीलामी शेड पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे मंडी कार्यालय में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय पर समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी और मंडी प्रशासन उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# आठ दिवस में समस्या का समाधान हो अन्यथा कार्यवाही की जाएगी : एसडीएम

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 22 अप्रैल।** बुधवार को भांडेर ब्लॉक की परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त संकुल प्राचार्य एवं मान्यता प्राप्त

**परामर्श दात्री बैठक में पदाधिकारी ने रखी समस्या**

शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एजेंडा के अनुसार कार्यवाही शुरू की गई राजेंद्र कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ भांडेर के द्वारा प्रमुख बिंदु कोष एवं लेखा ग्वालियर को सर्विस बुक सत्यापन का मुद्दा उठाया एवं लंबित क्रमोन्नति आदेश क्रमोन्नति के एरियर एवं मान्यता प्राप्त संगठनों को जानकारी न देने का मुद्दा उठाया।

ब्लॉक सचिव अनिल श्रीवास्तव द्वारा एक ही विद्यालय के समाज शिक्षकों को जनगणना कार्य में लगाए जाने की बात रखी गई ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत पटेल द्वारा समय पर एरियर भुगतान न होने की बात कही गई एसडीएम द्वारा समस्त पदाधिकारी से शैक्षिक समस्याओं की जानकारी एकत्रित की गई एवं समस्त संकुल प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आठ दिवस के अंदर समस्त समस्याओं का निराकरण करें एवं की गई कार्यवाही से मुझे अवगत कराए निर्देशों का पालन न होने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष सेन संकुल प्राचार्य राधाचरण पाठक एवं राजेंद्र कुमार यादव ब्लॉक अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, अनिल कुमार श्रीवास्तव ब्लॉक सचिव, प्रवीण राजोरिया तहसील सचिव, हेमंत गोयल ब्लॉक अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, बलवीर कुशवाहा ब्लॉक सचिव, रमाकांत पटेल ब्लॉक अध्यक्ष मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस, राघवेंद्र यादव ब्लॉक सचिव, अजाक्स से वीरेंद्र ऊनिया उपस्थित रहे।

## दिनकर सबनीस ने पीताम्बरा पीठ पर की पूजा-अर्चना

**दतिया, 22 अप्रैल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के केंद्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस अल्प प्रवास पर दतिया पहुंचे दतिया जिले के ग्राहक पंचायत संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा दिनकर का आत्मीय स्वागत कर उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए रुद्राभिषेक उनके हाथों से करवाया एवं मां पीतांबरा के दर्शन कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# मौनिया नृत्य और रावण वध लीला ने बांधा समां

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 22 अप्रैल।** 30वें पंडोखर सरकार धाम महोत्सव मेला एवं श्रीराम महायज्ञ के दौरान भक्ति, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया, वहीं

**पंडोखर धाम महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब**

मौनिया नृत्य और समलीला मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। महोत्सव के दौरान प्रस्तुत किए गए मौनिया नृत्य ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मौनिया नृत्य बुंदेलखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति का प्रतीक है, जो वर्षों से इस क्षेत्र की परंपराओं को जीवित रखने का कार्य कर रहा है। इसके साथ ही रामलीला मंच पर रावण वध लीला का भव्य मंचन भी किया गया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं को भी नई ऊर्जा प्रदान की। पंडोखर धाम में आयोजित यह महोत्सव हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान बना लिया।

# पेंशनर्स एसोसिएशन सचिव शर्मा का निधन

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 22 अप्रैल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा दतिया के वरिष्ठ सदस्य एवं पदाधिकारी सचिव शंकर लाल शर्मा का विगत दिनों निधन होने जाने पर पेंशनर्स द्वारा श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने कहा कि शर्मा जी हम सभी को छोड़कर अपनी सांसारिक यात्रा के 86 वर्ष पूर्ण कर स्वर्ग लोक को पधार गए हैं समाचार सुनकर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला समिति के सभी सदस्यों को काफी दुख हुआ सभी शोक ग्रस्त हो गए।



शर्मा जी दतिया जिले में सन 1998 में पेंशनर्स एसोसिएशन के बनने पर प्रथम सचिव पद पर नियुक्त किए गए थे जब से वर्तमान तक पर वरिष्ठ सचिव के पद पर संघ की सेवा कर रहे थे संघ द्वारा शोक सभा का आयोजन कर ईश्वर से प्रार्थना की उनकी दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें कर एवं परिवार जनों को इस गहन दुख सहने की शक्ति प्रदान करें अश्रुपूर्ण पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एस पी पटेरिया जेपी श्रीवास्तव तारा सिंह यादव कमलकांत शर्मा हरिहर प्रसाद शर्मा सुनील कुमार जैन मैथिलीशरण मिश्रा मदन कुमार गुप्ता देवी लाल निरंजन एलपी श्रीवास्तव सत्यनारायण प्रजापति रमेश चंद्र शह सचिव सुरेश चंद सेन प्रचार सचिव ओम शांति शांति।

## दिव्यांग मेडिकल बोर्ड में 38 दिव्यांग प्रमाण पत्र स्वीकृत

**ग्वालियर, 22 अप्रैल।** जयारोग्य चिकित्सालय परिसर स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में बुधवार को आयोजित जिला दिव्यांग मेडिकल बोर्ड में 45 दिव्यांगजनों का पंजीयन हुआ, जिनमें से 38 मामलों में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही पूर्ण की गई। यूडीआईडी हेतु तैयार सभी 38 प्रकरण सिविल सर्जन कार्यालय में पोर्टल पर संधारित कर जारी किए जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण ग्वालियर संभाग के संयुक्त संचालक विनोद सिंह ने मेडिकल बोर्ड का निरीक्षण कर दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र बनवाने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के निर्देश दिए।

# बच्चों की पढ़ाई और देखभाल में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी : डॉ .मिश्रा

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 22 अप्रैल।** भाजपा पार्षद स्वर्गीय कल्लू कुशवाहा के परिवार को पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के द्वारा बड़ी राहत प्रदान की गई है। उन्होंने शासन स्तर पर पहल करते हुए स्वर्गीय पार्षद कल्लू कुशवाहा के बच्चों के लिए प्रति माह प्रत्येक बच्चे को 4000 रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत कराई है। उन्होंने कहा कि पार्षद कल्लू कुशवाहा पार्टी के बेहद सक्रिय और कर्मठ कार्यकर्ता थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने कहा कि च्कल्लू कुशवाह का परिवार अब मेरा परिवार है, बच्चों की पढ़ाई और देखभाल में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।ज्ज इससे पहले भी वे मृतक की पत्नी को ढांढस बंधाते हुए उन्हें अपनी बेटी समान मानने की बात कह चुके हैं। इस सहयोग से परिवार को बड़ी राहत मिली है और उन्होंने डॉ. मिश्रा का आभार जताया इस अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा भाजपा जिला महामंत्री अतुल भूरे चौधरी मानसिंह कुशवाहा सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर में



### कांग्रेस सेवादल ने किया धरना प्रदर्शन

**दतिया, 22 अप्रैल।** जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा भाजपा शासन द्वारा लोकतंत्र की हत्या और तानाशाही के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि आदरणीय सेवढ़ा के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष मोहन सिंह कुशवाहा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री अवधेश नायक पूर्व जिला अध्यक्ष आदरणीय रामकिंकर गुर्जर जिला अध्यक्ष अशोक दांगी शहर अध्यक्ष अजय शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राकेश खरे ने किया।

### रहीस यादव पर 50 हजार के बाउंड की कार्यवाही

**दतिय।** तहसील दतिया के ग्राम भदेवरा में स्थित शासकीय प्राइमरी स्कूल के प्रांगण में रहने वाले रहीश पुत्र शिरोमन यादव निवासी ग्राम भदेवरा द्वारा भूसा भर दिया था। जिसकी सूचना पर तहसीलदार श्री राजेश कुशवाहा तहसील दतिया द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त भूसे के ढेर को तत्काल मौका स्कूल प्रांगण से हटवाया तथा संबंधित व्यक्ति रहीश यादव पुत्र शिरोमन यादव निवासी भदेवरा पर पुलिस थाना उनाव द्वारा भारत नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस 2023 की धारा 170 के तहत प्रस्तुत इस्तगासा पर 50000/- रूपये बाउंड ओवर किया।

# कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन ने आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 22 अप्रैल।** कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर डीडी नगर स्थित श्री वेंकटेश एजुकेशन एकेडमी में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पृथ्वी संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना और उनके मन में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना का बीजारोपण करना था। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पृथ्वी के विभिन्न स्वरूपों और उसकी सुंदरता को उकेरा।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में आर्टिस्ट प्रेम प्रजापति एवं आर्टिस्ट शिल्पी गोयल उपस्थित रहे। उनके निर्णय के आधार पर प्रथम स्थान अग्रज श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान तान्या सिकरवार तृतीय स्थान अंशिका कुलश्रेष्ठ विजेता छात्र-छात्राओं सहित सभी सहभागी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर एकेडमी की डायरेक्टर मधुलिका सिंह तोमर, प्रिंसिपल निधि शर्मा एवं शिक्षिकाएं सुनीता ओझा, दिव्या तोमर, नैन्सी अग्रवाल, प्रज्ञा सिकरवार, पूजा शर्मा और श्रुति अग्निहोत्री उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से सचिव कंचन राव, कार्यक्रम संयोजक इंदु शर्मा, सोशल मीडिया पार्टनर सचिन रावत और देवेश दुबे ने भूमिका निभाई।

# अनूप के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 22 अप्रैल।** लंबे समय से अपनी परेशानियों के बीच जीवन जी रहे अनूप कुशवाह के लिए बुधवार का दिन नई उम्मीद लेकर आया। जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र ने अनूप को सहारा दिया है। ग्वालियर शहर के विनयनगर निवासी अनूप कुशवाह सेरेब्रल पाल्सी से पहले से जूझ रहे थे। इसका दिव्यांगता प्रमाण-पत्र ही उनके पास था। मगर उन्हें आंखों से कम दिखाई देने की समस्या भी आ गई। नेत्र परीक्षण में दिव्यांगता पाई गई, तब उन्हें बहु-दिव्यांगता प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ी। बहु दिव्यांगता प्रमाण-पत्र होने पर वे सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिये संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने के हकदार बन जाते।

विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं से जूझ रहे अनूप की परेशानी की बात जब कलेक्टर रुचिका चौहान के संज्ञान में आई तो उन्होंने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विनोद सिंह को अनूप की मदद करने के निर्देश दिए। अनूप के साथ संयुक्त संचालक श्री सिंह जेएएच परिसर स्थित जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र पहुँचे। उन्होंने दिव्यांग बोर्ड में शामिल चिकित्सकों से चर्चा कर अनूप की बहु दिव्यांगता के बारे में बताया। परीक्षण में अनूप पात्र पाए गए और देखते ही देखते उनका बहु-दिव्यांगता प्रमाण पत्र बन गया। प्रमाण पत्र हाथ में आते ही अनूप के चेहरे पर खुशी छलक उठी। उनके चेहरे पर संतोष और आंखों में भविष्य की नई उम्मीद साफ नजर आई। अब उन्हें दिव्यांगजनों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा, जिससे उनके जीवन को नई संबल मिलेगा।